# प्रेस नोट - थाना सदर बाजार

# जनपद शाहजहाँपुर

## दिनांक – 19.07.2026

### जनपदीय सर्विलांस सेल व थाना सदर बाजार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दो अपहर्ताओं को 18 घण्टे के अन्दर किया सकुशल बरामद ।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध नियंत्रण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 18.07.2026 को वादी मुकदमा द्वारा थाना सदर बाजार पर एक लिखित तहरीर प्रस्तुत की गई, जिसमें अवगत कराया गया कि उसकी पुत्री (उम्र लगभग 15 वर्ष) एवं उसकी भांजी दिनांक 18.07.2026 को अपनी बुआ के घर जनपद पीलीभीत जाने हेतु घर से निकली थीं, जो घर वापस नहीं आई है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 367/2026, धारा 137(2) बीएनएस के पंजीकृत किया गया। घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारीगण को दी गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में दोनों बालिकाओं की शीघ्र एवं सकुशल बरामदगी हेतु टीमों का गठन कर प्रभावी प्रयास प्रारंभ किए गए। इसी क्रम में, दिनांक 19.07.2026 को जनपदीय सर्विलांस सेल एवं थाना सदर बाजार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयासों एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप दोनों बालिकाओं को घटना के करीब 18 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद दोनों बालिकाओं को नियमानुसार थाना सदर बाजार लाया गया है तथा उनके संबंध में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**बरामदगी करने वाली टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार, थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री मनोज कुमार, प्रभारी सर्विलांस सेल, जनपद शाहजहाँपुर (मय टीम)
3. उ0नि0 श्री विवेक कुमार, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 जयभगवान, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर
5. म0का0 स्वाती, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर